हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 12 नवंबर 2026

06 सीप अंबर फेस-1 परियोजना हुई पूर्ण, शुरू होगी सिंचाई...



09 सांवलिया गौशाला में हुई गोवर्धन पूजा नवनिर्मित भूसा शेड का...



सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

## खबर संक्षेप

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 दिसंबर को

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा 20 दिसंबर को शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। मंडल के सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के संबंध में अलग से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

### ब्रिज का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने आरवीएनएल द्वारा निर्माणाधीन ब्रिज का भी अवलोकन किया। उन्होंने ब्रिज निर्माण की प्रगति, उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री एवं तकनीकी गुणवत्ता का जायजा लिया। कलेक्टर ने रेलवे के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने लाडकुई जल निगम के अंतर्गत आष्टा रानीपुरा समूह जल योजना निर्माणाधीन कार्यों, नेशनल हाईवे निर्माण कार्य तथा ग्राम राला में निर्माणाधीन नवीन मंडी का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति और निर्धारित समय-सीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने लाडकुई और कोसमी में जल निगम परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के विभिन्न घटकों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, अब तक पूर्ण किए गए कार्यों और शेष कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

### दांगी समाज संगठन ने की लापता हुए लोगों को खोजने की मांग, एएसपी को सौंपा ज्ञापन

# खेत में पानी देने गए मां-पिता और भाई लापता, बेटे का मोबाइल बैरसिया में मिला, जमीन विवाद में तीनों के अपहरण का शक

भोपाल के एक परिवार के तीन सदस्यों के रहस्यमयी ढंग से लापता होने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खेत में फसल को पानी देने गए एक ही परिवार के तीन सदस्य आखिर अचानक कहां गायब हो गए? पीछे छूटा मोबाइल फोन, उसे सड़क पर पड़ा मिलने का दावा करने वाला अनजान व्यक्ति और पुलिस की ट्रेसिंग में विदिशा के पास मिली अंतिम लोकेशन... भोपाल के एक परिवार के तीन सदस्यों के रहस्यमयी ढंग से लापता होने का मामला अब गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। परिजनों ने पुराने जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों पर संदेह जताया है। बेटी ने जनसुनवाई में शिकायत देकर अपहरण की आशंका के बीच फॉरेंसिक जांच और सीसीटीवी फुटेज खंगालने की मांग की है।

#### 24 अक्टूबर को खेत पर पहुंचे थे तीनों

भोपाल निवासी किरण दांगी के पिता सुरेश दांगी (47), मां ओमवती दांगी (42) और भाई राजेश दांगी (24) ग्राम खाईखेड़ा स्थित अपनी करीब साढ़े तीन एकड़ कृषि भूमि पर खेती का काम देखने गए थे। परिजनों के मुताबिक तीनों 24 अक्टूबर से वहां रह रहे थे। 3 नवंबर की शाम करीब 7 बजे किरण की परिवार से फोन पर बातचीत हुई थी। उस समय सभी ने खुद को ठीक बताते हुए जल्द भोपाल लौटने की बात कही थी। इसके बाद अचानक तीनों का संपर्क टूट गया।

#### विदिशा के पास मिली अंतिम लोकेशन

तीनों के एक साथ लापता होने की सूचना मिलते ही परिजन खाईखेड़ा पहुंचे। आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बेटे का मोबाइल खाईखेड़ा से दूर बैरसिया के पास सड़क पर मिलने और फिर उसकी लोकेशन विदिशा के नजदीक ट्रेस होने से मामले की गुत्थी और उलझ गई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मोबाइल की लोकेशन और उससे जुड़े साक्ष्यों की जांच कर रही है।

#### जमीन के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद

किरण दांगी ने अपनी शिकायत में कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद होने की बात कही है। उनका आरोप है कि जिस रात तीनों लापता हुए, उस समय जमीन पर उनके मामा डालचंद दांगी उर्फ डमरू और चंदन भी मौजूद थे। परिवार का इन लोगों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी आधार पर शिकायतकर्ता ने कुछ लोगों पर संदेह जताते हुए तीनों के अपहरण की आशंका व्यक्त की है। हालांकि, इस संबंध में किसी की भूमिका अभी पुलिस जांच में प्रमाणित नहीं हुई है।

#### बैरसिया में मिला मोबाइल, ट्रेसिंग में विदिशा के पास अंतिम लोकेशन

तीनों के एक साथ लापता होने की सूचना मिलते ही परिजन खाईखेड़ा पहुंचे। आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बेटे का मोबाइल खाईखेड़ा से दूर बैरसिया के पास सड़क पर मिलने और फिर उसकी लोकेशन विदिशा के नजदीक ट्रेस होने से मामले की गुत्थी और उलझ गई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मोबाइल की लोकेशन और उससे जुड़े तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है।

#### दीवार पर लाल रंग पोतने और चोट के निशान ने बढ़ाया संदेह

शिकायत में एक और गंभीर बात सामने रखी गई है। किरण का दावा है कि लापता होने के अगले दिन घटनास्थल की एक दीवार पर लाल रंग पोत दिया था। आशंका जताई है कि वहां किसी तरह की मारपीट हुई हो सकती है और रंग पोतकर संभावित साक्ष्य छिपाने की कोशिश की गई हो। इसके अलावा उनके छोटे मामा के पैर में चोट और पट्टी होने का भी उल्लेख किया गया है। इन सभी बिंदुओं की स्वतंत्र जांच की मांग की गई है।



#### जांच और फुटेज खंगालने की मांग

किरण दांगी ने जनसुनवाई में आवेदन देकर प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष और गंभीर जांच कराने की मांग की है। उन्होंने घटनास्थल का फॉरेंसिक परीक्षण कराने, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालने और मोबाइल की लोकेशन से जुड़े तकनीकी साक्ष्य जुटाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि माता-पिता और भाई का एक साथ लापता होना सामान्य घटना नहीं है और परिवार लगातार अनहोनी की आशंका से परेशान है।

#### दांगी समाज का प्रदर्शन, एसपी और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

खाईखेड़ा से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए सुरेश दांगी, राजेश दांगी और ओमवती दांगी की तलाश की मांग को लेकर बुधवार को दांगी समाज ने प्रदर्शन किया। समाज अध्यक्ष बाबूलाल दांगी के नेतृत्व में समाजजनों ने भोपाली फाटक से एसपी कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में लापता लोगों की तस्वीरें लेकर एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे और डिप्टी कलेक्टर किरण सिंह को ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी विनय सिंह दांगी ने पुलिस प्रशासन को 24 घंटे में लापता लोगों का पता लगाने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर समाज धरना-प्रदर्शन करेगा। एसडीओपी प्रेमनारायण ने समाजजनों को आश्वस्त किया कि पुलिस लगातार तलाश कर रही है और जल्द ही लापता लोगों का पता लगा लिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

#### पुलिस टीमें तलाश में जुटीं

अहमदपुर थाना प्रभारी बीएल त्यागी के अनुसार तीनों के लापता होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल को साइबर सेल की सहायता से ट्रेस किया गया है। उसकी अंतिम लोकेशन विदिशा के पास मिली है। पुलिस की अलग-अलग टीमें तीनों की तलाश में जुटी हैं और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि खेत पर मौजूद परिवार के तीनों सदस्य अचानक कहां चले गए और उनका मोबाइल बैरसिया की सड़क तक कैसे पहुंचा?

# स्वच्छता में बुधनी का राष्ट्रीय परचम, देश में तीसरा स्थान और मध्यप्रदेश में अव्वल, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



स्वच्छता के क्षेत्र में बुधनी नगर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान कायम करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में 25 हजार की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बुधनी ने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि प्रदेश में नगर को प्रथम स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर बुधवार 11 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नगर परिषद बुधनी को राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। छोटे से नगर बुधनी की इस उपलब्धि को स्वच्छता के प्रति जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद प्रशासन,सफाई मित्रों और नागरिकों की सामूहिक मेहनत का परिणाम माना जा रहा है। नगर में घर-घर कचरा संग्रहण से लेकर उसके वैज्ञानिक निस्तारण तक की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे से पहले 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जा रहा है। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर आधुनिक मशीनों के माध्यम से उसका पृथक्करण एवं प्रसंस्करण किया जाता है। गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जा रही है, जिसका उपयोग नगर के उद्यानों और पौधों में किया जाता है वहीं सूखे कचरे के प्रसंस्करण से नगर परिषद को प्रतिमाह लगभग 70 से 80 हजार रुपये की आय भी प्राप्त हो रही है।

नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता मालवीय के नेतृत्व और मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. प्रशांत जैन के मार्गदर्शन में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए गए स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने भी जनजागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और अभियान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसके साथ ही नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता को लेकर लगातार मेहनत की। घर-घर कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, जीरो वेस्ट सिटी की अवधारणा, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जैसे प्रयासों ने बुधनी को यह उपलब्धि दिलाने में अहम योगदान दिया। राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान न केवल नगर परिषद के लिए बल्कि पूरे बुधनी नगर के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रपति के हाथों प्राप्त इस सम्मान ने यह संदेश भी दिया है कि बेहतर प्रबंधन, जनसहभागिता और सामूहिक प्रयासों से छोटे शहर भी स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।

# सीहोर में मौसम का यू-टर्न, सुबह ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन; दिन में खिल रही धूप, रात में गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवंबर की शुरुआत के साथ ही मौसम ने अपना मिजाज बदलना शुरू कर दिया है। अब तक दिन की गर्मी से परेशान लोगों को सुबह से चल रही ठंडी हवाओं ने सर्दी की आहट महसूस करा दी है। बुधवार सुबह सीहोर में ठंडी हवाओं का असर साफ दिखाई दिया। सुबह घरों से बाहर निकले लोगों को हल्की ठंड का सामना करना पड़ा, वहीं दोपहिया वाहन चालकों के लिए ठंडी हवाएं परेशानी का कारण बनीं। मौसम का मिजाज ऐसा है कि दिन में तेज धूप गर्मी का अहसास कराएगी, जबकि सूरज ढलते ही ठंड का असर बढ़ने लगेगा। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान ने भी संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में रात का पारा और नीचे जा सकता है।

#### सुबह से ठंडी हवा का असर

बुधवार सुबह से ही जिले में ठंडी हवाओं का प्रभाव देखने को मिला। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था। दिन और रात के तापमान में करीब 16 डिग्री का अंतर मौसम के बदलते तेवर को बयां कर रहा है। सुबह और शाम ठंडक महसूस होने लगी है। खासकर सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों को अब गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगी है।

#### दिन में धूप का रहेगा जोर, दोपहर में फिर सताएगी गर्मी

मौसम में ठंडक के बावजूद दिन के तापमान में फिलहाल बड़ी गिरावट के संकेत नहीं हैं। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। सुबह की ठंड के बाद जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, धूप तेज होगी और तापमान में बढ़ोतरी होगी। यानी सीहोर के लोगों को एक ही दिन में सुबह ठंड और दोपहर में गर्मी के दो अलग-अलग रूप देखने को मिलेंगे।

#### तापमान में आएगी गिरावट

आरएके कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार सीहोर जिले में फिलहाल मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा और बारिश की संभावना बेहद कम है। आगामी दिनों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, जबकि रात का तापमान 17 से 19 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। मौसम में धीरे-धीरे बदलाव के साथ रात और सुबह की ठंडक बढ़ सकती है। मौसम में आ रहे इस बदलाव की प्रमुख वजह मानसून की विदाई के बाद वातावरण में नमी का कम होना और उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली अपेक्षाकृत ठंडी हवाओं का प्रभाव है। नवंबर में आसमान साफ रहने से रात के समय धरती की गर्मी तेजी से वातावरण में बाहर निकलती है। इसके चलते रात और सुबह तापमान में गिरावट आती है। वहीं दिन में तेज धूप के कारण पारा दोबारा ऊपर चढ़ जाता है। इसी वजह से सुबह-शाम ठंडक और दोपहर में गर्मी का मिला-जुला असर बना हुआ है।

#### बारिश के आसार नहीं

फिलहाल जिले में बारिश की कोई बड़ी संभावना नहीं है। मौसम शुष्क रहने के साथ आसमान साफ रहने का अनुमान है। नवंबर के आगे बढ़ने के साथ न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। ऐसे में सुबह और रात के समय हल्के गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करना फायदेमंद रहेगा। फिलहाल सीहोर में सर्दी ने दस्तक तो दे दी है, लेकिन दिन की धूप अभी उसकी रफ्तार पर ब्रेक लगाए हुए है। आने वाले दिनों में रात का पारा कितना गिरता है, इसी पर ठंड के वास्तविक तेवर निर्भर करेंगे।

### कुबेरेश्वरधाम में उज्जैन से आए विप्रजनों का किया सम्मान

# शिव पर विश्वास करने से जीवन में मिलती है उन्नति : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वरधाम में बुधवार को आस्था और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। उज्जैन से जबलपुर में आयोजित यज्ञ में शामिल होने जा रहे तीन दर्जन से अधिक विप्रजनों ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर बाबा कुबेर भंडारी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति की ओर से हजारों श्रद्धालुओं के साथ विप्रजनों को भी भोजन प्रसादी वितरित की गई। समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने यज्ञ में शामिल होने जा रहे विप्रजनों का स्वागत-सम्मान किया।

उज्जैन से आए दल में शामिल पंडित राजेश ने बताया कि वे सभी जबलपुर में आयोजित यज्ञ में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। इसी दौरान कुबेरेश्वरधाम में दर्शन का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि कुबेरेश्वरधाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आकर आध्यात्मिक आनंद और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। विप्रजनों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा बताए गए एक लोटा जल के महामंत्र से देशभर के शिव मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का नया वातावरण बना है। करोड़ों श्रद्धालु आस्था के साथ मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन कर रहे हैं। जो मंदिर पहले सुनसान नजर आते थे, वहां अब भक्तों की आवाजाही और भक्ति की लहर दिखाई दे रही है।

इस दौरान धाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी विप्रजनों से मुलाकात की और उनका स्वागत किया। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि बुधवार शाम की आरती के पश्चात पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान शिव पर विश्वास और भरोसा करने से जीवन में उन्नति प्राप्त होती है। महादेव का ध्यान करने से मनुष्य को पापों से मुक्ति का मार्ग मिलता है। देवों के देव महादेव अपने भक्तों के सदैव निकट रहते हैं और उनकी कृपा भक्तों का कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि कलियुग में यदि किसी देव की पूजा सबसे सरल है, तो वे देवाधिदेव महादेव हैं। भगवान शिव की आराधना के लिए सच्ची श्रद्धा और विश्वास ही सबसे महत्वपूर्ण है। शिव पुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शिव पुराण का श्रवण करने से व्यक्ति को अपने जीवन में धर्म और भक्ति का मार्ग प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, शिव पुराण का श्रवण मनुष्य के पाप कर्मों का नाश कर उसे शिवलोक में स्थान दिलाने वाला माना गया है।

# सांसद ने अन्नदाता के साथ राष्ट्र का किया अपमानः बैरागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रहलाद दास बैरागी ने रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा देश के किसानों को अपमानित करने उनकी सांसद की सदस्यता खत्म करने की मांग की है। बैरागी ने रोष प्रगट करते हुए कहा कि भा ज पा के सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा देश के किसानों के लिए जिस भाषा का उपयोग किया गया वह बहुत दुर्भाग्य पूर्ण है। लोकतंत्र के सर्वोच्च सदन में बैठकर देश के अन्नदाता के श्रम का इस तरह उपहास उड़ाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और जमीनी हकीकत से परे है।किसान के पसीने और मेहनत को किसी बयान से नकारा नहीं जा सकता है। जो संसद में बैठकर किसान के पसीने का हिसाब मांगते हैं, वो पहले यह बताएं कि उनकी थाली में रोटी किस महीने की मेहनत से आती है। बैरागी ने कहा कि भाजपा किसान विरोधी है। किसान 12 महीने का अनवरत संघर्ष करता है खेती कोई 3 महीने की नौकरी नहीं है। जेठ की जलती दुपहरी में खेत की जुताई से लेकर, पूस की कंपकंपाती ठंडी रात में पानी लगाने और फसलों को कीट-रोग व बेमौसम मार से बचाने तक—किसान का एक भी दिन आराम का नहीं होता है। अन्नदाता का अपमान, राष्ट्र का अपमान है। जिस देश की पहचान जय जवान, जय किसान से है, वहाँ के जन प्रतिनिधियों द्वारा करोड़ों मेहनतकश किसानों को ताश और नशे से जोड़ना केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि देश के पूरे कृषि तंत्र का अपमान है।

## खबर संक्षेप



### गोवर्धन पूजा पर किसानों ने किया बैलों का पूजन

**चापड़ा।** ग्रामीण अंचल में दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का पर्व उत्साह और परंपरागत श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसानों ने अपने पशुओं, विशेषकर बैलों का आकर्षक श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन किया और उन्हें खीर-पूरी खिलाई। किसान मुकेश वैष्णव, अरुण वैष्णव, इंदरसिंह सेंधव और धर्मेंद्र सिंह सेंधव के यहां पंडित ऋषिराज शर्मा एवं दीपक त्रिवेदी की उपस्थिति में बैलों को आकर्षक रूप से सजाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। पूजन के बाद आतिशबाजी भी की।

### गोशाला में किया गया गायों का पूजन



**चापड़ा।** ग्राम पंचायत चारिया में निर्मल गंगा सागर गौशाला में मंगलवार को गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकुमचंद कंठाली, यंत्री दीपक पटेल, सरपंच संगीता चौहान, प्रभुलाल पाटीदार और दिनेश पाटीदार उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौशाला की सभी गायों को का श्रृंगार किया गया। गोवर्धन पूजा करने के पश्चात गायों का पूजन किया गया।

### कलेक्टर ने विकास व निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# सीप अंबर फेस-1 परियोजना हुई पूर्ण, शुरू होगी सिंचाई, कलेक्टर ने लिया जायजा

निर्माणाधीन ब्रिज का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीप अंबर फेस-1 परियोजना का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सीप अंबर फेस-1 परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति एवं सिंचाई शुरू करने की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि सीप अंबर फेस-1 परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और अब क्षेत्र में सिंचाई सुविधा शुरू होने जा रही है। कलेक्टर ने परियोजना से किसानों को मिलने वाले लाभ तथा सिंचाई व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को निर्धारित समय पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने आरवीएनएल द्वारा निर्माणाधीन ब्रिज का भी अवलोकन किया। उन्होंने ब्रिज निर्माण की प्रगति, उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री एवं तकनीकी गुणवत्ता का जायजा लिया। कलेक्टर ने रेलवे के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

#### जल निगम, नेशनल हाईवे व राला नवीन मंडी निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने लाडकुई जल निगम के अंतर्गत आष्टा रानीपुरा समूह जल योजना निर्माणाधीन कार्यों, नेशनल हाईवे निर्माण कार्य तथा ग्राम राला में निर्माणाधीन नवीन मंडी का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति और निर्धारित समय-सीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर बालागुरू के. ने लाडकुई और कोसमी में जल निगम परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के विभिन्न घटकों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, अब तक पूर्ण किए गए कार्यों और शेष कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी न हो तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। वहीं नेशनल हाईवे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की गति और निर्धारित तकनीकी मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसी क्रम में ग्राम राला में निर्माणाधीन नवीन मंडी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मंडी परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी का निर्माण इस प्रकार कराया जाए कि किसानों को भविष्य में अपनी उपज के विक्रय एवं अन्य कृषि संबंधी गतिविधियों में बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें जिससे कि किसानों को इसका लाभ मिल सके इस अवसर पर भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, कार्यपालन यंत्री सिंचाई मयंक सिंह, जीएम जल निगम मोहम्मद जेनुअल, जल संसाधन विभाग अनुविभागीय अधिकारी भैरूंदा कपिल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

# कांग्रेस ने सांसद जनार्दन मिश्रा का जलाया पुतला

### बयान का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

किसान कांग्रेस के नेतृत्व में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला दहन रेहटी पुराने बस स्टैंड पर पर किया गया।

किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल ने बताया कि भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने किसानों को कहा कि 3 महीने मेहनत करते हैं इसके बाद वह शराब पीते हैं, इस वजह से किसानों का अपमान हुआ है, जिसके तहत किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा रेहटी के पुराने बस स्टैंड पर पुतला दहन का जमकर नारेबाजी की इस मौके पर किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु प्रसाद ठाकुर, रघुवीर सिंह पटेल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, मंगल सिंह ठाकुर, प्रेम नारायण गुप्ता प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, मलखान सिंह चंद्रवंशी, मेहताब सिंह चौहान, जितेंद्र सोनी, दीपक चौहान, अंकित चौहान, अमित मोन्टी पटेल, कैलाश यादव विपत सिंह उईके,जलील भाई, महेंद्र चौहान, आयुष दुबे, रफीक खान जागीरदार, राम रघुवंशी अनूप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो बच्चों पर कुत्तों ने हमला किया

देवास। आवारा कुत्तों का हमला लगातार बच्चों के लिए खतरा बन रहा है। सोमवार को दो अलग-अलग कॉलोनियों में घर के बाहर खेल रहे दो मासूम बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर दिया। दोनों घायल बच्चों को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया है। पहली घटना दोपहर करीब 2 बजे राजीव नगर क्षेत्र में हुई। यहां शबनम का 2 साल का बेटा अरमान घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ता बच्चे का हाथ मुंह में दबाकर उसे खींचने लगा। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। हमले में बच्चे के हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर दांत के निशान आए हैं। दूसरी घटना इटावा के त्रिलोक नगर क्षेत्र में हुई। यहां घर के बाहर खेल रही 5 साल की हर्षिता कुशवाह पर कुत्ते ने हमला कर दिया।

# भाई दूज पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मांगी लंबी उम्र, भाइयों ने दिए उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाई दूज का पर्व बुधवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। दीपावली के पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन भाई दूज के साथ हुआ। सुबह से ही घरों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने शुभ मुहूर्त में अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा, सम्मान और सहयोग का वचन दिया। इस दौरान परिवारों में खुशियों और आपसी प्रेम का माहौल देखने को मिला।

हिंदू धर्म में भाई दूज को विशेष धार्मिक और सामाजिक महत्व का पर्व माना जाता है। इसे यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं। पर्व से जुड़ी एक प्रमुख परंपरा भाई का अपनी बहन के घर जाकर भोजन करना भी है। मान्यता है कि इस दिन बहन के घर भोजन करने और उसके हाथों से बना भोजन ग्रहण करने से भाई-बहन के जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसी परंपरा को निभाते हुए कई भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे, जहां बहनों ने तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए। भाई दूज का यह पर्व केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, अपनापन और जिम्मेदारी के भाव को भी मजबूत करता है। दीपावली पर घरों और बाजारों में दीपों की जगमगाहट के बाद भाई दूज पर रिश्तों की मिठास दिखाई दी। इस पर्व के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन हुआ और लोगों ने एक-दूसरे को भाई दूज की शुभकामनाएं दीं।

### संकेतक बोर्ड से टकराया मिनी ट्रक, तीन घायल

**देवास।** सिविल लाइन चौराहे के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार मिनी ट्रक संकेतक बोर्ड से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोर्ड सडक़ पर गिर गया और चालक केबिन से उछलकर बाहर जा गिरा। हादसे में चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। मिनी ट्रक इंदौर से भोपाल की ओर जा रहा था। उसमें गोलू और महेंद्र भी सवार थे, जो लिफ्ट लेकर सफर कर रहे थे। परिजनों के मुताबिक, दोनों सीहोर जिले के रहने वाले हैं और उनकी बाइक भी मिनी ट्रक में रखी हुई थी। हादसे के बाद घायल चालक रविंद्र को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, गोलू और महेंद्र को पहले जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में उन्हें उज्जैन रोड स्थित एक निजी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को अस्पताल पहुंचाया।

# सीहोर बाइज ने आरएसआई को 2-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहर के चर्च मैदान पर आयोजित सीनियर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। कांटे की टक्कर में सीहोर बाइज की टीम ने शानदार वापसी करते हुए आरएसआई को 2-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मुकाबले के अंतिम समय में सीहोर बाइज के खिलाड़ियों ने लगातार दो गोल दागकर मैच का रुख बदल दिया और अपनी टीम को जीत दिलाई। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबले में आरएसआई की ओर से नैतिक ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद सीहोर बाइज के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किए। मैच के अंतिम समय में प्रांजलि और मोहम्मद अयान ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल किया। इन दो गोलों की बदौलत सीहोर बाइज ने 2-1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। अंतिम क्षणों तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने मैदान पर मौजूद खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को इछावर और आष्टा की टीमों के मध्य खेला जाएगा। बुधवार को सीहोर बाइज ने आरएसआई को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अब दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम फाइनल में सीहोर बाइज से भिड़ेगी। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला 13 नवंबर को खेला जाएगा।

# जैन संमति प्रामाणिक पाठशाला को मिला सर्वश्रेष्ठ पाठशाला का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बच्चों में धार्मिक संस्कारों और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली जैन सन्मति प्रामाणिक पाठशाला, सीहोर (म.प्र.) ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता हासिल की है। प्रामाणिक पाठशाला संस्थान द्वारा देश भर की ऑफलाइन पाठशालाओं में से उत्कृष्ट चयन कर दिया जाने वाला प्रतिष्ठित गोल्डन पाठशाला ऑफ अक्टूबर-2026 (सर्वश्रेष्ठ पाठशाला-2 पुरस्कार) इस बार सीहोर शाखा को दिया गया है। यह पुरस्कार पाठशाला की समर्पित शिक्षिकाओं रोशनी जैन और तिलका जैन के कुशल मार्गदर्शन व उनकी टीम की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप मिला है। विशेष बात यह है कि सीहोर की यह पाठशाला सितंबर 2026 में ही संस्थान से जुड़ी थी। बहुत ही कम समय में बच्चों को धर्म का श्रेष्ठ ज्ञान देने और बेहतरीन धर्म प्रभावना करने के कारण शिक्षिका रोशनी जैन व तिलका जैन की कार्यशैली को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर प्रामाणिक पाठशाला की केंद्रीय टीम ने शिक्षिका रोशनी जैन, तिलका जैन और उनकी पूरी टीम का हार्दिक अभिनंदन किया है। संस्थान ने उनके इस योगदान की सराहना कर कहा, टीम का यह कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है।

# तेजी से घट रहा कालीसिंध नदी का जलस्तर

सोनकच्छ । क्षेत्र की जीवनदायिनी मानी जाने वाली कालीसिंध नदी का जलस्तर तेजी से घटता जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि नदी में पानी की जो स्थिति सामान्यतः फरवरी-मार्च के महीनों में देखने को मिलती है, वैसे हालात इस बार 10 नवंबर से ही बनने लगे हैं। नदी के कई हिस्सों में पानी सिमट गया है और किनारों पर रेत व मिट्टी के बड़े हिस्से दिखाई देने लगे हैं। ग्राम बैराखेड़ी के किसान दिग्विजय सिंह राजपूत का कहना है कि ग्राम बैराखेड़ी के समीप कालीसिंध नदी में भी जलस्तर दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। इसका सीधा असर नदी किनारे खेती करने वाले किसानों पर पड़ने लगा है। सिंचाई के लिए लगाई गई जल मोटरों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। नवंबर माह में ही जब नदी की यह स्थिति है तो आने वाले गर्मी के महीनों में हालात कितने गंभीर होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।कालीसिंध नदी के लगातार घटते जलस्तर को देखते हुए किसानों ने जल्द से जल्द नर्मदा का पानी कालीसिंध नदी में छोड़ने की मांग उठाई है।

### सुहाग की रक्षा के लिए बड़ों से लिया आशीर्वाद



**भौरासा।** दीपावली के दूसरे दिन ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार धोक पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। सुहाग की रक्षा और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने गांव के बड़ों से आशिर्वाद लिया। भौरासा के चौधरी मोहल्ले की वरिष्ठ महिला तेज कुंवर बाई बजाज एवं अंकिता चौधरी ने बताया कि इस दिन नववधुएं परिवार के बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लेती हैं। बड़े-बुजुर्गों के पैर छूने यानी धोक लगाने की परंपरा के कारण ही इसे धोक पर्व कहा जाता है।

### जल संसाधन मंत्री सिलावट ने किया गोवर्धन और गोमाता का पूजन

# मंत्री ने जिले और प्रदेश की खुशहाली की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



दीपावली पर्व की पावन श्रृंखला में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में सोमवार को गोवर्धन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले की सभी गोशालाओं में गोवर्धन पूजा एवं गो पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर देवास की जिला जेल स्थित गौशाला में आयोजित मुख्य गो-पूजन कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट शामिल हुए। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से गोवर्धन भगवान एवं गो-माता की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार सुसज्जित गो-माता को रोली-चंदन का तिलक लगाया, पुष्पमाला अर्पित की तथा आरती उतारकर गौ-ग्रास व भोग समर्पित किया। इस अवसर पर संपूर्ण परिसर 'जय गो-माता' और 'गोवर्धन महाराज की जय' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। मंत्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुरूप संपूर्ण मध्य प्रदेश में गोवर्धन पूजा को व्यापक जन-उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मूल आधार गौ-वंश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है। सिलावट ने कहा कि जिस प्रकार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर संपूर्ण गोकुलवासियों और पशुधन की रक्षा की थी, उसी प्रकार हम सब मिलकर भगवान श्रीकृष्ण और गौ-माता से प्रार्थना करते हैं कि वे हमारे मध्य प्रदेश और देवास के प्रत्येक नागरिक पर अपनी असीम कृपा बनाए रखें।

कार्यक्रम में विधायक मनोज चौधरी और भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गौ-शालाओं के सुदृढ़ीकरण, प्राकृतिक खेती, दुग्ध उत्पादन वृद्धि तथा निराश्रित गो-वंश के समुचित संरक्षण हेतु निरंतर कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर देवास नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, नगर निगम सभापति रवि जैन, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वामित्व योजना अंतर्गत रजिस्ट्री शिविर आयोजित आयोजित किया



**चापडा।** स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राम चारिया में शत-प्रतिशत स्वामित्व रजिस्ट्री शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरपंच संगीता सागर चौहान ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को उनकी आबादी भूमि का वैधानिक अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है। इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को स्वामित्व प्रमाण-पत्र प्राप्त हो रहे हैं, जिससे उनकी संपत्ति को कानूनी पहचान, परिवारों को आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के नए अवसर मिल रहे हैं। इस अभियान अंतर्गत 79 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। ग्राम पंचायत चारिया में स्वामित्व योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत कार्य पुर्ण हो चुका है। इस अवसर पर विधायक मुरली भंवरा, आशीष पाटीदार, अखिल बड़ोला , देवेन्द्र गोस्वामी, कुंदन धारसिया, सुनील जामले सहित प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**जाहिर आम सूचना**

मेरे पक्षकार की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है वार्ड क्रमांक 1 शासकीय स्कूल के सामने निवासी बडियाखेडी सीहोर तहसील सीहोर मध्य प्रदेश भूमि स्वामी विक्रेता 1. अमित पूर्वीया आत्मज स्व. श्री मोहनलाल के द्वारा एक भूखण्ड जो नगरपालिका क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 1 पटेल जीवनलालराय में स्थित अनुबंध क्रमांक MP44IGR18482026A100588717 दिनांक 19/05/2026 को विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकार से उप पंजीयक कार्यालय मे अनुबंध हुआ है संबंधित भूखण्ड के पूर्व क्रेता अमित पूर्वीया द्वारा उक्त भूखण्ड को क्रय किया गया था भूखण्ड का पंजीयन MP350372024A1500511 दिनांक 24/04/2024 को कराया गया था उक्त भूखण्ड की समस्त सेवा शर्तें अनुबंध क्रमांक में उप पंजीयक कार्यालय में विधिवत अभिलेखों के रूप में दर्ज है जिसके पालन के लिये दोनो पक्षकारों (क्रेता एवं विक्रेता) बाध्य है सार्वजनिक चर्चा के रूप में ज्ञात हुआ है की विक्रेता उक्त भूखण्ड को कूट रचित व भ्रामिम तथा धोखा धड़ी के माध्यम से विक्रय करना चाहता है व प्रयास रत है। एवं विक्रेता स्वामित्व एवं अधिपत्य व कब्जे का सुविधा की दृष्टि से भूखण्ड क्रमांक 288 दर्शाया गया है जो अनुबंधित भूखण्ड भूमि ख०क्र० 92/1/2(S) 93 रकबा 0-272 है० का भाग 1662 वर्गफिट यानि 154.46 वर्गमीटर ही स्थित वार्ड क्रमांक 1 गवरमेंट स्कूल के सामने निवासी बडियाखेडी सीहोर तहसील सीहोर मध्य प्रदेश भूमि को क्रय करने की अनुबंध राशि अदा करदी गई है। इस संबंध में इस प्रकाशन से माध्यम से किया जाता है कि उक्त भूखण्ड का क्रय विक्रय या अनुबंध न करे यदि इस संव्यवाहार से किसी भी तृतीय पक्ष को कोई आपत्ति है तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरा पक्षकार महोदय भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करने हेतू एवं उचित कार्यवाही हेतू स्वतंत्र रहेगे ।

भवदीय सुनील पाराशर एडवोकेट
कार्यालय तहसील चौराहा सीहोर (म.प्र.) 466001
मो.8319481856

### सांसद नागर, विधायक अमर सिंह यादव ने गौशाला पहुंचकर की गौ सेवा

# सांवलिया गौशाला में हुई गोवर्धन पूजा नवनिर्मित भूसा शेड का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

दीपावली पर्व के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर नगर की सांवलिया गौशाला में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद रोडमल नागर, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केदारनाथ काका उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने गोवर्धन एवं गौ-माता का विधि-विधान से पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही गौशाला में नवनिर्मित भूसा शेड का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गौशाला में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केदारनाथ काका ने गौ-सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौशाला से जुड़े सेवाकार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर शिव सिंह पटेल, मांगीलाल सोंधिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी, नगर परिषद उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पार्षद कमल यादव, मुकेश शर्मा, लोकेंद्र यादव, राधेश्याम गुप्ता, प्रेम राजपूत सहित अन्य गौ-सेवक एवं गौशाला समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### गोवर्धन पूजा पर मंत्री टेटवाल ने गौमाता का पूजन अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की




**सारंगपुर।** गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर स्थित श्री कपिलेश्वर गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से भगवान श्रीकृष्ण, बलराम एवं गौमाता का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने गौमाता की आरती कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर धारण कर प्रकृति, पर्वत, जल, वनस्पति और गौवंश के संरक्षण का संदेश दिया था। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जीवमात्र के प्रति करुणा का भाव रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं। गौसेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक व्यक्ति को गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण का गोपाल स्वरूप हमें गौसेवा और लोककल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर गौशाला के गुरु पवनदास महाराज सहित बड़ी संख्या में गौसेवक एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 2 लाख बरामद, एमआरएम पोर्टल के जरिए शेष राशि भी लौटाई

# टेलीग्राम पर निवेश का झांसा देकर 2.04 लाख की ठगी, आरोपी असम से गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

टेलीग्राम पर निवेश के बदले अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी को माचलपुर पुलिस ने असम से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने माचलपुर थाना क्षेत्र के एक युवक से 2 लाख 4 हजार 320 रुपए की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं, जबकि शेष राशि एमआरएम पोर्टल के माध्यम से पीड़ित को वापस कराई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम खेड़ी पोलखेड़ा निवासी 27 वर्षीय घनश्याम वर्मा ने 27 जुलाई 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने टेलीग्राम के माध्यम से निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे 2,04,320 रुपए जमा करा लिए और उसके साथ धोखाधड़ी की। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 223/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

#### तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर असम पहुंची पुलिस

मामले की जांच के दौरान माचलपुर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान की। इसके बाद पुलिस टीम असम राज्य पहुंची और आरोपी अब्दुल रसीद (30 वर्ष), निवासी ग्राम अमलासी, जिला नौगांव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लाख रुपए नकद बरामद किए। वहीं, शेष ठगी की राशि डन्ड पोर्टल के माध्यम से पीड़ति को वापस कराई गई।

#### अन्य संलिप्त लोगों की तलाश, जांच जारी

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साइबर ठगी में अन्य लोगों की संभावित भूमिका और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के साइबर जागरूकता एवं कार्रवाई अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी खिलचीपुर धर्मवीर सिंह नागर के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। इसमें थाना प्रभारी आदित्य सोनी, उप निरीक्षक राहुल सेंधव, आरक्षक ब्रजेश देसाई, राहुल राजपूत और साइबर टीम की भूमिका रही।

#### पुलिस की नागरिकों से अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान लिंक, क्यूआर कोड और संदिग्ध कॉल से सावधान रहें। निवेश के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच देने वाले ऑनलाइन प्रस्तावों पर भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व



**जीरापुर।** हिंदू धर्म की मान्यताओं एवं परंपराओं के अनुसार नगर में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दीपावली के दूसरे दिन पड़वा पर्व पर सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। गोवर्धन पूजा को लेकर परंपरानुसार महिलाओं ने नवीन वस्त्र धारण कर गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन की आकर्षक प्रतिमा निर्मित की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद भगवान गोवर्धन की परिक्रमा कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। नगर के फलोदी कालोनी, देवनारायण रोड़, भण्ड़ावद रोड़ आवास कालोनी सहित अनेको सजगह सामुहिक रूप से महिलाओं को पुजा अर्चना करते हुए देखा गया जहां पर भारतीय संस्कृति अनुरूप वेशभूषा मंगलगान कर खुशी मना रही थी।

# बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में किशोर की मौत, एक घायल

**सारंगपुर।** सोमवार को तलेन थाना क्षेत्र के टिकोद-बनी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ग्राम बनी निवासी 17 वर्षीय किशोर विकास मोंगिया की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बनी निवासी विकास पिता ओमप्रकाश मोंगिया (17) की बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार पप्पू पिता धारू सिंह मोंगिया (32) भी घायल हो गए। घटना के बाद परिजन विकास को निजी वाहन से सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि देर शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जल्लीकट्टू की तर्ज पर सुल्तानिया में अनूठी गो-क्रीड़ा, हजारों ग्रामीणों ने लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पड़ावा पर्व पर परंपराएं जब आस्था, सद्भाव और भाईचारे के साथ निभाई जाती हैं तो वे मिसाल बन जाती हैं। ऐसी ही सदियों पुरानी परंपरा राजगढ़ जिले के सारंगपुर क्षेत्र के सुल्तानिया गांव में आज भी जीवंत है। दीपावली के दूसरे दिन पड़वा पर यहां गाय पूजन के बाद तमिलनाडु के जल्लीकट्टू की तर्ज पर पारंपरिक गो-क्रीड़ा (छोड़ा उत्सव) का आयोजन किया गया। इसे देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों ग्रामीण पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ आयोजन का आनंद लिया।

#### इस तरह निभाई जाती है परंपरा

इस अनूठे आयोजन में ग्रामीण लकड़ी के डंडे पर तुलसी प्रजाति के पौधों के गट्ठर बांधते हैं। इसके साथ चमड़े की रस्सी लगाकर गायों के सामने ले जाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार चमड़े को अपवित्र मानने की धार्मिक मान्यता के चलते गाय उस पर सींगों से प्रहार कर उसे दूर करती है। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराया जाता है। ग्रामीण बुजुर्ग बंसीलाल पटेल बताते हैं कि यह परंपरा भगवान देवनारायण से जुड़ी हुई है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी निभाया जा रहा है।

#### आस्था के साथ जोखिम भी

ग्रामीण इस खेल को गांव की सुख-शांति, समृद्धि और गौसेवा का प्रतीक मानते हैं। इसके लिए पशुपालक सालभर गायों की सेवा करते हैं और पड़वा के दिन इस आयोजन में शामिल होते हैं। हालांकि यह परंपरा जोखिम भरी भी है। कई बार गायों के हमले में लोग घायल हुए हैं और पूर्व में जनहानि की घटनाएं भी सामने आई हैं, इसके बावजूद ग्रामीणों की आस्था और उत्साह में कमी नहीं आई है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें सभी धर्म, जाति और समाज के लोग सद्भाव के साथ शामिल होते हैं। बड़ी संख्या में लोग मकानों की छतों पर चढ़कर इस अनूठी गो-क्रीड़ा को देखते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पचोर थाना पुलिस के जवान भी मौके पर मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई दीपावली



**जीरापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र शिवाशीष भवन में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास, सादगी एवं आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र को आकर्षक रंगोली, जगमगाते दीपों एवं मां लक्ष्मी की सुंदर झांकी से सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने दीपावली के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल बाहरी दीपक जलाना ही दीपावली नहीं है, बल्कि अपने अंतर्मन में ज्ञान और आत्मज्ञान का दीप प्रज्वलित करना ही सच्ची दीपावली है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दीपावली पर पुराने खातों का हिसाब समाप्त कर नए खाते शुरू किए जाते हैं, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन से पुराने संस्कारों, ईर्ष्या, द्वेष और नकारात्मक विचारों को समाप्त कर प्रेम, शांति एवं सद्भावना के नए संस्कार अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा शिव के ज्ञान प्रकाश से जब आत्मा की ज्योति जागृत होती है, तभी जीवन से अज्ञान और विकारों का अंधकार दूर होता है तथा जीवन में सुख-शांति का संचार होता है।इस अवसर पर सभी भाई-बहनों ने मिलकर मंगल दीप प्रज्वलित किए। इसके पश्चात ईश्वरीय गीतों पर रास कर दीपावली की खुशियां मनाई गईं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को ईश्वरीय महाप्रसाद वितरित किया गया तथा सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामनाएं दी गईं।

#### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाफिज मेव का निधन



**सारंगपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हाफिज मेव का 7 नवंबर को निधन हो गया। उनके इंतकाल की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों और परिचितों में शोक की लहर छा गई। हाफिज मेव लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे और क्षेत्र में अपनी पहचान रखते थे। रविवार 8 नवंबर को सुबह 11 बजे शकर कुआं स्थित मस्जिद में उनकी जनाजे की नमाज अदा की गई। इसके बाद उन्हें दशहरा मैदान के पास स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई के दौरान कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, समाजजनों, रिश्तेदारों और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष आविद हुसैन लोदी सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर हाफिज मेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। हाफिज मेव के निधन को कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उपस्थित लोगों ने उनके साथ बिताए समय को याद किया।

# नगर की गौशाला में विधि विधान से हुई गोवर्धन पूजा

### विधायक दांगी ने किया गौशाला का निरीक्षण, गौमाता के लिए पानी की व्यवस्था कराने का दिया आश्वासन



**जीरापुर।** नगर के जीरापुर-छापीहेड़ा रोड स्थित हाटकेश्वर सेमली धाम के संत कमल किशोर नागर द्वारा संचालित नगर की प्रसिद्ध गौशाला में दीपावली उपरांत पड़वा का पावन पर्व पर गोवर्धन पूजा अर्चना कर गौ माता की पूजा की गई।

गो भक्तो सहित शाला सदस्यों सहित जनप्रतिनिधियों ने हर्षोल्लास से पूजन की। जहां पर पं प्रभुलाल व्यास ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण कर पुजन करवाया जहां मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने पूजा की। गौ सेवा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार सुबह 10 बजे गौशाला के मुख्य द्वार पर गोबर से भगवान गोवर्धन की आकर्षक आकृति बनाई गई। विधायक हजारीलाल दांगी ने भी भगवान गोवर्धन की पूजा कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।पूजन उपरांत विधायक दांगी ने गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गो भक्तों ने बीमार गायों की उचित देखरेख एवं गोमाता के लिए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था करने की मांग रखी। इस पर विधायक ने जल्द ही गौशाला में पानी के लिए पर्याप्त ठेल (हौद) बनवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गो सेवा में योगदान देने वाले गो भक्तों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी के सदस्य सीएमओ देवनारायण दांगी, विजय सिंह मण्डलोई पटवारी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, विष्णु सिंह पवांर, रमेशचंद्र शर्मा ,कुशाल मण्डलोई जनपद सदस्य,अजय बैरिस्टर ,कमल झावा , गो सेवा समिति सदस्य अजयकांत मुंदड़ा, सोहनलाल भावसार, जमनालाल वर्मा उपस्थित रहे।

# रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजे आंगन धूमधाम से मनाया दीपावली का पर्व

**आकर्षक सजावट और पूजन-पाठ के साथ हुआ मां लक्ष्मी का स्वागत**



**कुरावर।** नगर में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही नगर में उत्साह और रौनक देखने को मिली। घरों के आंगन, मुख्य द्वार और व्यापारिक प्रतिष्ठान रंग-बिरंगी आकर्षक रंगोलियों से सजाए गए। महिलाओं ने विभिन्न रंगों और डिजाइनों से सुंदर रंगोलियां बनाकर दीपोत्सव की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए। वहीं घरों और दुकानों को आकर्षक विद्युत सजावट और दीपों से रोशन किया गया। दीपावली के अवसर पर सुबह 6 बजे से ही नगर के मुख्य बाजार में खरीदारी का दौर शुरू हो गया था। फूल-माला, मिठाई, कपड़े और अन्य दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। बाजार में बढ़ती भीड़ के चलते कई बार यातायात जाम की स्थिति भी बनी, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर से शाम तक व्यापारिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त में व्यापारियों ने मां लक्ष्मी का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं घरों में भी रात्रि 8 से 10 बजे के बीच विधि-विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई।

### दीपावली की रात हुआ था हादसा, जांच के लिए थाने लाए गए थे चार युवक

# पोटाश गन के धमाके में 15 वर्षीय बालक का अंगूठा उड़ा, पुलिस ने दो आरोपियों पर दर्ज किया मामला

**दो अलग-अलग मामलों में 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

दीपावली की रात देसी पोटाश गन में पोटाश भरते समय हुए जोरदार विस्फोट में 15 वर्षीय बालक का अंगूठा उड़ने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त किया है। मामले की जांच के लिए पुलिस चार युवकों को थाने लेकर आई थी, जिनमें से जांच के बाद दो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार दीपावली की रात करीब 10.30 बजे 15 वर्षीय आकाश पिता दिनेश राठौर घर में मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के बाद बाहर देसी पोटाश गन से आतिशबाजी कर रहा था। इसी दौरान पोटाश गन में पोटाश भरते समय अचानक जोरदार विस्फोट हो गया।



धमाका इतना तेज था कि बालक का अंगूठा हाथ से अलग हो गया और हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इसी दौरान कथित रूप से पोटाश गन और विस्फोटक सामग्री की बिक्री से जुड़े चार युवकों को पूछताछ एवं जांच के लिए थाने लाया गया। जांच के बाद पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 45 किलो 900 ग्राम पोटाश जब्त किया। इसमें एक मामले में 23 किलो 300 ग्राम तथा दूसरे मामले में 22 किलो 600 ग्राम पोटाश जब्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में इदरीश अली पिता आजान अली उम्र 38 वर्ष तथा मोहम्मद हुसैन उर्फ सद्दाम पिता अब्दुल रहमान उम्र 58 वर्ष, दोनों निवासी जीन मोहल्ला, कुरावर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

#### खुलेआम बिक रही पोटाश गन पर उठे सवाल

इस हादसे ने नगर में पोटाश और कार्बाइड गन की बिक्री को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रतिबंध और सुरक्षा संबंधी चेतावनियों के बावजूद खतरनाक पोटाश गन बच्चों तक पहुंच रही हैं। दीपावली जैसे त्योहार पर हुई इस घटना ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पोटाश गन और विस्फोटक सामग्री की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य बच्चे को इस तरह की दुर्घटना का शिकार न होना पड़े।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारी लेंगे तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**सीहोर।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय आवासीय 'आनंदम सहयोगी' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 से 18 नवंबर तक क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र (ईटीसी), नीलबड़, भोपाल में होगा। इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किये है कि प्रशिक्षण के लिए सीहोर से कुल 25 प्रतिभागियों का नामांकन किया जाएगा। इसमें ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, नगरीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त जनसंपर्क एवं सेवा प्रदाय से सीधे जुड़े अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी शामिल किया जा सकता है। प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों में आनंद की अनुभूति कराना तथा जीवन जीने की कला और कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। प्रतिभागियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था प्रशिक्षण स्थल पर रहेगी। प्रशिक्षण लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 15 नवंबर की शाम तक प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचना होगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 18 नवंबर को शाम 5 बजे होगा।

### सिविल अस्पताल में न सुविधाए मिल रहीं न डॉक्टर, मरीज हो रहे परेशान

# महीनों से खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन सोनोग्राफी के लिए रेडियोलॉजिस्ट भी नहीं

सरकार द्वारा मिलने वाली 50 हजार की अनुग्रह राशि के ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सरकारी सिविल अस्पताल में कर्मचारियों की कमी और पूछताछ बंद होने से मरीज को निजी तौर पर सहमति पर प्रतिबंध लग रहा है। सीट स्कैन मशीन कई महीनों से बंद है। अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के लिए सोनोग्राफी नहीं है। दुकान को सोनोग्राफी और सिटी स्कैन के लिए निजी अस्पताल में रखा गया है। इससे उन्हें परेशानी के साथ अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ता है। सीट स्कैन के लिए नौकरी को 3 से 4 हजार रुपये या इससे अधिक के आंकड़े दिए जाते हैं। आर्थिक रूप से आवेदक की जांच नहीं कराई गई। अस्पताल में सीट स्कैन मशीन की जांच के लिए जांच की गई थी। इसके उत्पाद खराब होने के कारण यह कई महीनों से बंद है। मरीज़ मशीन कक्ष तक जाते हैं, लेकिन जांच नहीं हो पाती है कि रेलवे और वे वापस लौट जाएं। खबर के मुताबिक, मंत्री एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कई बार अस्पतालों का निरीक्षण कर चुके हैं। उनके सामने सहायक उपकरण बढ़ाने की मांग की गई थी। नोटबुक मीटिंग के बावजूद दूर नहीं गया। इससे संबंधित लोगों की सूची है।

#### कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं

करोड़ों रुपये की लागत से अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन दी गई, लेकिन उसका संचालन रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। इससे गर्भवती महिलाओं को छोड़कर अन्य मरीजों की सोनोग्राफी उपयोगी नहीं होती है। गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी भी शासन के आदेश पर अनुबंधित जगह पर होती है। आम बेरोजगार को तो इधर उधर भटकना है। अंतिम रूप से निजी अस्पताल में व्यापारी 700 से 1100 रुपये लेकर सोनोग्राफी का प्रस्ताव है।

#### डॉक्टर तक नहीं है सामान

इतना बड़ा अस्पताल होने के बाद भी इलाज करना पर्याप्त नहीं है। कई डॉक्टरों के पद खाली पड़े हैं जिनकी ऊपर भर्तियां नहीं हो रही हैं। इंजीनियर डॉक्टर ने अपने चैंबर के बाहरी इलाके में अस्थिरता के दौरान मंदी को खत्म करना शुरू कर दिया है। इसमें कई बार नंबर खाली हाथ वापस नहीं आता है। यह हाल अब से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से बने हुए हैं। फिर भी कुछ नहीं हो रहा। बीएमओ. डॉ. अमित मथुरा ने बताया कि प्लांट खराब होने का कारण सिटी स्कैन मशीन बंद है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी अनुबंधित जगह पर कराई जाती है। समस्या को लेकर वरिष्ट अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

# लापता हुए माता-पिता और भाई को तलाश रही बेटी

### परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल निवासी युवती किराण दांगी ने कलेक्ट्रेट में आवेदन बताया कि उनके माता-पिता और भाई के संदिग्ध परिस्थितियों में एक साथ लापता होने की शिकायत करते हुए मामले की गंभीर जांच और तत्काल तलाश की मांग की है। युवती ने परिजनों के साथ जमीनी विवाद होने का उल्लेख करते हुए घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच तथा वहां लगे कैमरों की जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता किरन दांगी के अनुसार उनके पिता सुरेश दांगी (47 वर्ष), मां ओमवती दांगी (42 वर्ष) और भाई राजेश दांगी (24 वर्ष) गत 3 नवंबर 2026 से ग्राम खाईखेड़ा स्थित उनकी जमीन से लापता हैं। बताया गया कि तीनों 24 अक्टूबर से उक्त जमीन पर रह रहे थे। शिकायत में कहा गया है कि जिस रात तीनों लापता हुए, उस समय जमीन पर किरन के मामा डालचंद दांगी उर्फ डमरू और चंदन भी मौजूद थे, जिनसे परिवार का जमीनी विवाद चल रहा है। किरन दांगी ने बताया कि उन्होंने अहमदपुर थाने में गुमशुदगी एवं मामले की शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन उनका आरोप है कि मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उनका कहना है कि घटना के बाद से अब तक उनके माता-पिता और भाई का कोई पता नहीं चल सका है। शिकायतकर्ता किरन दांगी ने संदेह जताया है कि तीनों के लापता होने के अगले दिन घटनास्थल की एक दीवार पर लाल रंग पोता गया। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि वहां किसी प्रकार की मारपीट हुई हो सकती है और रंग पोतकर संभावित साक्ष्यों को छिपाने का प्रयास किया गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि उनके छोटे मामा के पैर में चोट के निशान और पट्टी लगी हुई है। किरन दांगी ने प्रशासन और पुलिस से मामले की निष्पक्ष एवं गंभीर जांच, घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उनके माता-पिता और भाई का जल्द से जल्द पता लगाने की मांग की है। मामले में लगाए गए आरोप शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए आवेदन और उनके कथनों पर आधारित हैं। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने अर्पित किए निर्वाण लाडू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2553वां निर्वाण महोत्सव शहर के सभी जैन मंदिरों में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की प्रतिमा के चरणों में निर्वाण लाडू अर्पित कर धर्मलाभ अर्जित किया। प्रातः श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर छावनी में भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन एवं मोक्ष कल्याणक पूजन कर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। इसके बाद गांधी पार्क स्थित भगवान महावीर स्मारक कीर्ति स्तंभ पर भजन-कीर्तन हुआ। तत्पश्चात श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर कस्बा में भगवान महावीर की प्रतिमा को पांडुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक, शांतिधारा मोक्ष कल्याणक पूजन कर निर्वाण लाडू अर्पित किया। इंगलिशपुरा स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं ब्रह्मपुरी स्थित श्री चिंतामणि पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भी विधि-विधान से पूजन कर निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। 24 विशेष बड़े निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य अतुल कुमार रमेश जैन, विमल कुमार सुनील कुमार जैन, लाभेश कुमार अंशुल कुमार जैन, गौरव राजेंद्र कुमार जैन, श्रीपाल जैन, बदामीलाल जी जितेंद्र कुमार जैन, हर्षित कुमार, अशोक कुमार, डॉ. निर्मल कुमार किशोर जैन, राजेश कुमार, प्रकाश कुमार विनीत जैन, राजेंद्र कुमार प्रखर, ज्ञानेंद्र कुमार संदीप कुमार, अजय कुमार अंशुल जैन, शील कुमार आयुष जैन, कीर्ति हेमंत जैन, अभिषेक अमृतलाल, धन कुमार यश कुमार कासलीवाल, प्रदीप कुमार दीपक कुमार, अशोक कुमार विल्सन जैन लिलेहरिया, विमल कुमार विशाल, महेंद्र कुमार अंकित कुमार जैन, बाबूलाल आशीष कुमार जैन, सुनील कुमार अजय कुमार, गुनमाला धनपाल जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। संध्या को भगवान महावीर व 24 तीर्थंकर भगवान की प्रतिमाओं की संगीतमय महाआरती एवं भक्तिमय भजन-कीर्तन कर प्रभु स्मरण किया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होंगे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देहली वर्ल्ड पब्लिक विद्यालय में 4 एवं 5 दिसंबर को आयोजित होने वाली दो दिवसीय विज्ञान व अंतरिक्ष प्रदर्शनी अन्वेषण – कला, संस्कृति से अंतरिक्ष तक' में सहभागिता के लिए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सहमति प्रदान की।इस संबंध में विद्यालय के निदेशक सैयद परवेज अली, डॉ. योगेश पोपट, संयुक्त निदेशक डॉ. एमएन सिंह एवं प्रख्यात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिक डॉ. नरेश भट्ट ने विधायक से सौजन्य भेंट कर कार्यक्रम की जानकारी साझा की।विद्यालय के निदेशक बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, श्रीमती पायल अली, डॉ. संगीता सिन्हा एवं सैयद आदिल अली ने भी आयोजन को लेकर शुभकामनाएं एवं सहयोग व्यक्त किया। एएएक्यूआर के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में इसरो एवं अंतरिक्ष विज्ञान पर वैज्ञानिक संवाद, तकनीकी पोस्टर, जल रॉकेट प्रक्षेपण, कक्षीय मॉडल, दूरबीन निर्माण, आकाश दर्शन तथा विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं अनुसंधान की भावना विकसित करना तथा उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक से रूबरू कराना है।विद्यालय के प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने आष्टा एवं आसपास के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा अभिभावकों से अपील की है कि वे इस ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें और इसरो, अंतरिक्ष विज्ञान एवं आधुनिक तकनीक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर अपने ज्ञान में वृद्धि करें।

### 13 नवंबर को बुदनी में शिविर आयोजित होगा

**सीहोर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 13 नवम्बर को बुदनी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनें और शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करते हुए नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान जनसमस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दें तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

# बीएलओ और सुपरवाइजर्स को दिया प्रशिक्षण, 4 जनवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा क्षेत्र की वर्ष 2027 के लिए तैयार की गई प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को एक साथ विधानसभा क्षेत्र के सभी 377 मतदान केंद्रों एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। मतदाता सूची को लेकर निर्वाचन संबंधी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में मतदान केंद्रों पर नियुक्त सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को जनपद पंचायत आष्टा के सभा कक्ष में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री महेंद्र प्रताप सिंह किरार तथा तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रामलाल पगारे की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इसमें मास्टर ट्रेनर प्रेमनारायण श्रीवास्तव एवं दीपक सेन तथा कार्यालय के प्रोग्रामर मोहन मेवाड़ा द्वारा बीएलओ और सुपरवाइजर्स को मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं एवं दावे-आपत्तियों के निराकरण की जानकारी विस्तार से दी गई।प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को आवश्यक प्रपत्र वितरित किए गए तथा निर्देशित किया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाताओं से दावे, आपत्तियां प्राप्त करें। प्रारूप सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा अन्य आवश्यक सुधार के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक कार्यालयीन समय में सभी निर्धारित केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके बाद प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण कर 4 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।प्रशासन ने मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को गंभीरता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन नागरिकों के लिए अपने नाम एवं मतदाता विवरण की जांच करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

### बुजुर्गों के चेहरों पर खिली मुस्कान

**सीहोर।** दीपावली का असली आनंद तभी है, जब हमारी खुशियों में वे लोग भी शामिल हों, जिन्हें अपनों के साथ और स्नेह की सबसे अधिक आवश्यकता है। इसी संवेदनशील सोच को साकार करते हुए अग्रसोच सोशल फाऊंडेशन द्वारा चंपा यादव मित्र मंडली के सहयोग से सैकड़ा खेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ दीपावली का पर्व आत्मीयता, उल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं नेता चंपालाल यादव, समाजसेवी नरेंद्र गोस्वामी, शिक्षक कुंदन लाल राय, प्रमोद गौतम, ए.आर. शेख मुंशी, उमर प्रवेश, पूनम राठौर आदि ने उद्बोधन में इस पहल की सराहना की। कहा कि समाज में बुजुर्गों का सम्मान और उनकी सेवा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

# भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर दी लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार भाई दूज का त्योहार 10 और 11 नवंबर को मनाया गया।भाई दूज भाई-बहन के गहरे प्रेम, स्नेह और अटूट बंधन का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं, आरती उतारती हैं और उनकी लंबी उम्र, खुशियों एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।सुबह से ही घरों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बहनों ने विशेष पकवान बनाए, भाइयों के लिए थाल सजाए और विधि-विधान से तिलक किया। दूर-दराज से भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे, तो कई बहनें अपने मायके पहुंचकर भाइयों को तिलक लगाया।बाजारों में भी भाई दूज को लेकर खास रौनक रही। मिठाई, उपहार, वस्त्र एवं पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर भीड़ देखने को मिली। लोगों ने एक-दूसरे को भाई दूज की शुभकामनाएं दीं।नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व को लेकर विशेष उत्साह रहा। परिवारों में एक साथ भोजन, हंसी-खुशी और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पर्व का आनंद लिया।कुल मिलाकर जावर क्षेत्र में भाई दूज का पर्व भाई-बहन के प्रेम को और मजबूत करने वाला रहा।

### भाजपा सांसद द्वारा किसानों को नशेड़ी-गांजेड़ी कहने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद जनार्दन मिश्रा का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अन्नदाता किसानों के सम्मान को लेकर अब सियासी संग्राम तेज होता नजर आ रहा है। रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों को कथित तौर पर 'नशेड़ी और गांजेड़ी' कहे जाने संबंधी बयान के विरोध में किसान कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देश अनुसार प्रदेश भर में जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया।

इसी कड़ी में किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान के नेतृत्व में आष्टा तहसील कार्यालय के सामने किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान 'भाजपा सांसद मुर्दाबाद' और 'भारतीय जनता पार्टी मुर्दाबाद' के नारों से कन्नौद रोड गूंज उठा। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान ने सांसद के बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि देश के अन्नदाता किसानों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों के पसीने से देश का पेट भरता है, ऐसे में उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सांसद जनार्दन मिश्रा किसानों के सामने सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। किसान कांग्रेस ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि किसानों के मान-सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई केवल नारों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर सदन तक उग्र प्रदर्शन के साथ संघर्ष किया जाएगा। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश चौहान ने कहा कि अन्नदाता देश का गौरव हैं, अपमान का पात्र नहीं। किसानों के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों को जवाब देना होगा। किसान कांग्रेस किसानों के हक और स्वाभिमान की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी। अब सवाल यह है कि किसानों पर दिए गए इस कथित बयान को लेकर भाजपा सांसद अपनी सफाई देंगे या किसान कांग्रेस का यह विरोध प्रदेश में किसी बड़े आंदोलन का रूप लेगा? इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर मेमदाखेड़ी, ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव चेतन सिंह ठाकुर सेमली, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गण सर्वश्री महेश परमार, ऋषि पटेल, स्वरूप जावरिया, नासिर खान, पूर्व पार्षद घनश्याम जांगड़ा, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेख तोशिफ उद्दीन, जिला कांग्रेस सचिव चन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद इदरीश मंसूरी, जिला अध्यक्ष सचिव प्रेम पटारिया, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर रामपुरा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर बिलपान, मंडलम अध्यक्ष रामचरण दवारिया, आषुतोष नामदेव, हरि सिंह मेवाडा, राहुल मेवाडा पटारिया, रूप सिंह गौरिया, अशोक मंडलोई, दिनेश मैना, अमजद पठान, मुकेश जायसवाल, अनुज खत्री, अशोक सोलंकी, आशिक खान, सोहेल खान, आदि कांग्रेस परिवार जन उपस्थित रहे।

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 30 नवंबर तक लगेंगे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र हितग्राहियों की लंबित कार्यवाहियों का निराकरण कर उन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के लिए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सैचुरेशन शिविर आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जारी निर्देशानुसार 30 नवंबर तक प्रत्येक ग्राम पंचायत अथवा अन्य उपयुक्त शासकीय स्थल पर शिविर आयोजित होंगे। तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि राजस्व निरीक्षकों, पटवारियों, मैदानी अमले के माध्यम से शिविरों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि शिविरों के माध्यम से योजना से वंचित पात्र किसानों का पंजीयन कराया जाए तथा हितग्राहियों की लंबित ई-केवाईसी की कार्यवाही पूरी की जाए। इसके साथ ही आधार एवं बैंक खाते की लिंकिंग से संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण बैंक और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सहयोग से कराया जाए। अपात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं सत्यापन भी नियमानुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पीएम किसान पोर्टल पर लंबित सेल्फ रजिस्ट्रेशन के प्रकरणों का सात दिवस के भीतर निराकरण करने तथा योजना की 26वीं किस्त के लिए फार्मर आईडी की अनिवार्यता को देखते हुए सभी पात्र हितग्राहियों की फार्मर आईडी बनवाने और संबंधित भू-धारियों की समस्त भूमियों को फार्मर आईडी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को शिविर की सूचना कम से कम दो दिवस पूर्व संबंधित ग्रामों में देने, शिविरों की जानकारी गूगल शीट पर नियमित अपडेट करने तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।